हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
11 जनवरी 2025, समय 1810

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राष्ट्रीय युवा दिवस पर कल दिल्ली में "विकसित भारत युवा नेता संवाद" में तीन हजार युवा नेताओं से संवाद करेंगे।

- केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि गत वर्ष स्वाधीनता के बाद सबसे अधिक 16 हजार 900 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के मादक पदार्थ जब्त किये गए।

- अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामलला प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर तीन दिवसीय उत्सव शुरू हुआ।

- हरियाणा के लोक निर्माण मंत्री रणवीर गंगवा ने कहा कि प्रदेश में दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सड़कों पर अतिरिक्त काम करने की जरुरत है।

- पंजाब हरियाणा और चंडीगढ़ में शीत लहर का प्रकोप जारी,मौसम विभाग ने कल और परसों भी अत्यंत घना कोहरा पड़ने की चेतावनी जारी की।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राष्ट्रीय युवा दिवस पर कल दिल्ली में विकसित भारत युवा नेता संवाद में तीन हजार युवा नेताओं के साथ बातचीत करेंगे। इस कार्यक्रम के दौरान युवा नेता प्रधानमंत्री के विकसित भारत के दृष्टिकोण पर अपनी प्रस्तुति देंगे। इस अवसर पर श्री मोदी जनसभा को भी संबोधित करेंगे।नई दिल्ली में विकसित भारत युवा नेता संवाद के पहले दिन केन्द्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री डॉ0 मनसुख मांडविया ने कहा कि यह कार्यक्रम बिना राजनीतिक पृष्ठभूमि वाले राजनीति में एक लाख युवाओं को शामिल करने संबंधी प्रधानमंत्री के स्वाधीनता दिवस के आह्वान के अनुरूप है।उन्होंने कहा कि युवाओं के साथ बातचीत के बाद सरकार विभिन्न वार्षिक नेतृत्व और सामाजिक सेवा कार्यक्रम आयोजित करेगी।

****

केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि वर्ष 2024 में 16 हजार नौ सौ करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के मादक पदार्थ जब्त किये गये हैं। यह स्वाधीनता के बाद सबसे बड़ा आंकड़ा है।नई दिल्ली में आज मादक पदार्थ तस्करी और राष्ट्रीय सुरक्षा पर क्षेत्रीय सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए श्री शाह ने कहा कि पिछले दस वर्षों में 56 हजार आठ सौ करोड़ रूपये से

अधिक मूल्य के मादक पदार्थ नष्ट किये गये हैं।श्री शाह ने कहा कि मादक पदार्थों की तस्करी पर लगामलगाने के लिए केंद्र, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को मिलकर काम करने की जरूरत है।

इस दौरान गृह मंत्री ने मादक पदार्थ निस्तारण पखवाड़ा और सभी राज्यों तथा केन्द्रशासित प्रदेशों के लिए मानस-2 हेल्पलाइन के विस्तार का उद्घाटन भी किया। उन्होंने नागरिकों में मानस हेल्पलाइन को बढ़ावा देने के प्रति राज्यों से आग्रह भी किया।सम्मेलन में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वर्चुअल माध्यम से भाग लिया।

****

अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामलला प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर तीन दिवसीय प्रतिष्ठा द्वादशी उत्सव आज से शुरू हुआ। इस अवसर पर श्री राम मंदिर को 50 क्विंटल से ज्यादा फूलों से सजाया है। हमारे संवाददाता ने बताया है कि रामलला का पंचामृत और सरयू जल से अभिषेक किया गया और 56 पकवानों का प्रसाद चढ़ाया गया और महाआरती भी की गई।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर सभी देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। प्रधानमंत्री ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि यह मंदिर सदियों के त्याग, तपस्या और संघर्ष के बाद बना है। उन्होंने इसे हमारी संस्कृति और अध्यात्म की महान विरासत बताया।

हरियाणा के परिवहन मंत्री अनिल विज ने भी देशवासियों को अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को एक वर्ष पूरे होने पर बधाई दी है। उन्होंने कहा कि यह हिन्दुस्तान का पुनर्जागरण है।

****

हरियाणा के लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा ने आज पंचकूला में आयोजित 11 से 17 जनवरी तक चलने वाले सड़क सुरक्षा सप्ताह में बतौर मुख्यतिथि शिरकत की। इस अवसर पर ग्रामीण विकास मंत्रालय के संयुक्त सचिव एवं राष्ट्रीय ग्रामीण सड़क एवं बुनियादी ढांचा विकास एजेंसी के निदेशक अमित शुकला सहित की अधिकारी मौजूद रहे।

इस अवसर पर श्री रणबीर गंगवा ने कहा कि प्रदेश में दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सड़कों पर अतिरिक्त काम करने की जरूरत है। जिसके लिए प्रदेश में जल्द ही सड़क सुरक्षा कोष का गठन किया जाएगा। श्री गंगवा ने बताया कि इस बार उनके विभाग ने बड़े स्तर पर समय रहते 3700

किलोमीटर दूरी को सफेद पट्टी से कवर किया है। श्री रणबीर गंगवा ने विभाग द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया।

****

हरियाणा योग आयोग द्वारा कल स्वामी विवेकानंद की जयंती से एक माह के लिए सूर्य नमस्कार अभियान का आयोजन किया जाएगा।

डॉ आर्य ने बताया कि विभिन्न विभाग इस में सहयोग कर रहे हैं।

उन्होंने बताया कि इस वर्ष 50 लाख से अधिक की भागीदारी का लक्ष्य रखा गया है।

****

आज पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ में शीत लहर का प्रकोप जारी रहा और कई स्थानों पर घना कोहरा छाया रहा। वहीं चंडीगढ़ सहित पंजाब और हरियाणा में आज कई जगह बादल भी छाए रहे वहीं पंजाब में सुनाम और हरियाणा में जींद, भिवानी सहित कहीं कहीं वर्षा होने की भी खबर है।मौसम विभाग ने हरियाणा और चंडीगढ़ में कल और परसों कुछ स्थानों पर अत्यंत घना कोहरा छाने की चेतावनी जारी की है। जबकि 14 और 15 जनवरी को कहीं कहीं कोहरा देखने को मिलेगा।

****

पशुपालन एवं डेयरी विभाग ने पशु चिकित्सकों को गौवंश को सर्दी से बचाने के लिए गौशाला प्रबंधकों का मार्गदर्शन करने को कहा है।भिवानी जिले में उप निदेशक डॉ. रविंद्र सहरावत ने सभी पशु चिकित्सकों को इस संबंध में हिदायतें जारी की है ताकि गोवंश की जान बचाई जा सके।

उन्होंने गौशाला में गऊओं की देखभाल कर रहे सेवकों से कहा है कि पशुओं के शैड में मूत्र-गोबर इत्यादि इकट्ठा न होने दे। पशुओं के खाने में सूखे तूड़े का उपयोग अधिक करें।

वहीं कैथल में जींद रोड स्थित गोशाला में गायों की मौत का संज्ञान लेते हुए उपायुक्त प्रीति ने वहां की व्यवस्था की निगरानी को लेकर एक समिति का गठन किया है।